SBEC SYSTEMS
(INDIA) LIMITED
Sugar Bio-Energy & Control Systems

**11.05.2021**

**To,**

**The Manager**
**The BSE Limited**
**25th Floor, P.J. Towers,**
**Dalal Street**
**Mumbai-400001**

**Subject: Intimation of Publication of Notice of Board Meeting**
**Stock Code: 517360**

Dear Sir

Pursuant to the Regulation 47 of SEBI (LODR) Regulations, 2015, please find enclosed the copy of newspaper cuttings with respect to the Notice of Board Meeting scheduled to be held on Monday, May 17, 2021 published in Financial Express {English} and Haribhoomi (Hindi) newspapers on May 11, 2021.

Please find the newspaper clipping for your reference.

Kindly take the above documents on your records.

Thanking You,

Yours Faithfully

**For SBEC Systems (India) Limited**

**Priyanka Negi**
**Company Secretary & Compliance Officer**

Encl: As Above

## खबर संक्षेप



### कालाबाजारी करने वाले चार अरेस्ट

**नई दिल्ली।** गीता कॉलोनी थाना पुलिस ने मेडिकल उपकरणों की कालाबाजारी करने वाले चार लोगों को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों के नाम सलीम (30), जाहिद (25), अरविंद अश्विनी दीक्षित और संतोष है। पुलिस की माने तो कोरोना की वजह से दिल्ली में लॉकडाउन लगा हुआ है। लोगों के काम धंधे बंद पड़े हैं। इस वजह से लोग अपने परिवार का खर्च चलाने के लिए कालाबाजारी करने लगे। पुलिस ने आरोपियों के पास से 18 ऑक्सीजन रेगूलेटर और एक ऑक्सीजन कंसनट्रेटर और एक कार बरामद की है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

### अवैध शराब के साथ महिला दबोची

**हरिभूमि न्यूज़, नई दिल्ली।** अमर कॉलोनी इलाके में अवैध शराब के साथ एक महिला को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया। इसके पास से शराब के 150 पव्वे बरामद किए हैं।



आरोपी महिला की पहचान कमलावती के तौर पर हुई जो हरियाणा से सस्ते दाम पर लायी गई शराब को दिल्ली में ऊंचे दाम पर बेचती थी। पुलिस के मुताबिक नौ मई को गांधी कैम्प अमर कॉलोनी में पुलिस गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने एक महिला को घर के सामने बैठे देखा। वह हाथ में प्लास्टिक बैग लिए हुए थी। पुलिस को देखते ही वह एक गली की ओर जाने लगी। संदेह होने पर पुलिस ने इस महिला को पीछा कर रोक लिया। बैग में शराब मिली। जिसके बाद पुलिस ने उसके खिलाफ अमर कॉलोनी थाने में एक्साइज एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई।

### ईद की नमाज़ घरों में अदा करें: शाही इमाम

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की मुगलकाल की दो ऐतिहासिक मस्जिदों के शाही इमामों ने सोमवार को अलग अलग वीडियो जारी कर मुस्लिम समुदाय से कोरोना वायरस महामारी की वजह से आगामी ईद -उल-फित्र की नमाज़ घर में ही अदा करने की अपील की। जामा मस्जिद के शाही इमाम सैयद अहमद बुखारी और चांदनी चौक स्थित फतेहपुरी मस्जिद के शाही इमाम मुफ्ती मुकर्रम अहमद ने वीडियो में मुसलमानों से अपील की है कि वे कोविड-19 की स्थिति को देखते हुए ईद की नमाज़ घर में ही पढ़ें। ईद का त्यौहार बृहस्पतिवार या शुक्रवार को पड़ सकता है जो चांद नज़र आने पर निर्भर करता है। बुखारी ने एक वीडियो में कहा कि इस वक्त कोरोना वायरस वबा (महामारी) की शक्ल में पूरे मुल्क में तेजी से फैल चुका है और यह वायरस बड़ी संख्या में लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है। यह ऐसा कयामत (प्रलय) का मंजर है जो हमने और आपने अपनी जिंदगी में कभी नहीं देखा।

### मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर वेबिनार आयोजित

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने कोविड-19 महामारी के वर्तमान दूसरे चरण के मद्देनजर अपने शिक्षकों के भावनात्मक और शारीरिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एक वेबिनार का आयोजन किया। इस वेबिनार को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता आईटीबीपी के उप कमांडेंट ( मेडिकल ) डॉ सुमित दुबे ने कोविड -19 के लक्षणों, उपचार, घरेलू पृथक, एकांतवास, घरेलू उपचार और टीकाकरण आदि के विभिन्न मुद्दों को विस्तार से चर्चा की। इस दौरान डॉ. दुबे ने बताया कि महामारी के इस कठिन चरण के दौरान हमारे जीवन की आवश्यकता है और समय की मांग है कि हम सभी मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहें। प्रख्यात मनोवैज्ञानिक डॉ गीतांजलि कुमार ने कोविड-19 महामारी के चरणवार प्रभावों की व्याख्या की, जिस तरह से हम सभी इसे अपने जीवन में वर्तमान परिस्थितियों में देखते हैं।

## आरोपियों के पास से मिले छह इंजेक्शन, 32,000 रुपये में बेचते थे इंजेक्शन

# अस्पताल से चुराए रेमडेसिविर इंजेक्शन की कालाबाजारी करने वाले तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आउटर जिले के पश्चिम विहार वेस्ट थाना पुलिस ने रेमडेसिविर इंजेक्शन की कालाबाजारी करने वाले तीन आरोपियों को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों में से दो आरोपी एनकेएस अस्पताल में नर्सिंग असिस्टेंट का काम करता है। पकड़े गए आरोपियों के नाम अंशुल, सुनील और राहुल है। पुलिस की माने तो आरोपी एक रेमडेसिविर इंजेक्शन को 32,000 रुपये में बेचते थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से छह रेमडेसिविर इंजेक्शन बरामद किए है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

डीसीपी (आउटर) परविंदर सिंह ने बताया कि पश्चिम विहार वेस्ट थाना पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग रेमडेसिविर इंजेक्शन की कालाबाजारी कर रहे है। सूचना मिलते ही एक टीम बनाई गई। पुलिस टीम ने नकली ग्राहक बनकर आरोपी से फोन पर बातचीत की। फोन पर एक इंजेक्शन के बदले डील 32 हजार में हो गई। आरोपी को इंजेक्शन देने के लिए पश्चिम विहार बुलाया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को दबोच लिया। आरोपी की पहचान अंशुल अग्रवाल के रूप में हुई। आरोपी शाहदरा का रहने वाला है। पूछताछ के दौरान आरोपी अंशुल ने पुलिस को बताया कि उसकी मुलाकात कुछ दिनों सुनील और राहुल से हुई थी। सुनील एनकेएस अस्पताल गुलाबी बाग में नर्स है। वहीं राहुल गायत्री अस्पताल, गाजियाबाद में नर्स है।

**खास बातें**
- आरोपी अंशुल हर डील के लेता था दो हजार रुपये
- पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है



### अस्पताल का नर्सिंग स्टाफ था शामिल

जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि दोनों आरोपी अस्पताल में मरीजों के इंजेक्शन चोरी करके लाते थे। इसके बाद वे अंशुल फोन पर लोगों से इंजेक्शन के लिए संपर्क करता था। बाद में डील तय होने के बाद इंजेक्शन सुनील व राहुल से लेकर उनको पहुंचा दिया जाता था। हर डील के अंशुल दो हजार रुपये लेता था।

## इंजेक्शन का झांसा देकर ठगी करने वाला दबोचा




खजूरी खास थाना पुलिस ने भी सोशल मीडिया के द्वारा लोगों के साथ की ठगी करने वाले आरोपी को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपी का नाम अमन सिंह उर्फ लक्की (25) है। पुलिस ने आरोपी को रीवा, मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, नीरज कुमार तिवारी ने गत आठ मई को पीसीआर कॉल की थी। पीड़ित ने बताया कि उसे सोशल मीडिया पर एक नंबर मिला। आरोपी ने एक इंजेक्शन की कीमत पांच हजार रुपये बताई। पीड़ित को छह इंजेक्शन की जरूरत थी तो आरोपी ने टोटल रकम का 40 फीसदी एडवांस के रूप में गूगल पे के एक खाते में डालने की बात की। नीरज ने आठ हजार रुपये आरोपी के खाते में डाल दिए। इसके बाद आरोपी ने न तो इंजेक्शन भेत और उसने पीड़ित का फोन भी उठाना बंद कर दिया। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को उसके बैंक खाते की डिटेल निकालकर रीवा, मध्य प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया।

### मरीजों के ऑक्सीजन सिलेंडर की कालाबाजारी में कैट्स पैरामेडिक्स स्टाफ अरेस्ट



दक्षिण जिले की अंबेडकर नगर पुलिस ने एम्बूलेंस में मरीजों के लिए मिलने वाले ऑक्सीजन सिलेंडर की कालाबाजारी का खुलासा किया है। इस सिलसिले में दो कैट्स पैरामेडिक्स स्टाफ को अरेस्ट हुए है। इन्होंने 15 लीटर ऑक्सीजन सिलेंडर के 40 हजार रुपए और 50 लीटर सिलेंडर के 90 हजार रुपए दाम तय कर रखे थे। आरोपियों की पहचान पवन और विपिन नागर के तौर पर हुई हैं। इनके पास दो ऑक्सीजन सिलेंडर, 32 पीपीई किट्स और एक लाख रुपए कैश बरामद हुआ हैं। डीसीपी साउथ अतुल कुमार ठाकुर ने बताया कि 6 मई को अंबेडकर नगर थाना पुलिस को सुमन ने पीसीआर कॉल के जरिए मामले की सूचना दी। जिसमें ऑक्सीजन सिलेंडर ऊंचे दाम पर बेचने की बात बतायी गई थी। पीड़िता ने बताया कि एक शख्स ने सोशल मीडिया पर अपना मोबाइल नंबर पोस्ट किया और ऑक्सीजन सिलेंडर की सप्लाई करने की बात कही। उसने दिए नंबर पर संपर्क किया, जहां उसने 50 लीटर ऑक्सीजन सिलेंडर के एवज में 90 हजार रुपए की मांग की। पुलिस ने इस शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया। पीड़िता द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर को पुलिस ने जांच के दायरे में लिया। जिसके बाद आरोपी पवन (21) की पहचान कर उसे पकड़ा गया। आरोपी दक्षिणपुरी इलाके का रहने वाला है। पवन ने पुलिस को बताया कि बीते दो साल से वह कैट्स एम्बूलेंस सर्विस में बतौर पैरामेडिक्स स्टाफ के तौर पर काम कर रहा है। उसके मोबाइल को चैक करने पर पता चला कि कई लोगों ने वाट्सएप पर ऑक्सीजन सिलेंडर के लिए पवन से संपर्क किया था। उसके पेटीएम अकांउट को चैक करने पर काफी रुपए ट्रांसफर और निकाले जाने की बात सामने आई। पेटीएम अकाउंट में डाली गई रकम को एक्सिस बैंक और पीएनबी बैंक में ट्रांसफर किया गया था। इसके बाद दोनों बैंक से रुपए निकाले गए। इस गौरखधंधे में उसके सहयोगियों विपिन नागर और रोहित नागर के नाम सामने आए। ये दोनों पैरा मेडिक्स और पायलट हैं। अलग अलग कैट्स स्टेशन में इनकी तैनाती थी। आरोपी पवन को पुलिस ने साकेत कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया। जिसके बाद उसकी निशानदेही पर विपिन नागर को अरेस्ट किया गया। पुलिस अब अन्य आरोपियों और ऑक्सीजन सिलेंडर की बरामदगी का प्रयास कर रही है।

- 15 लीटर ऑक्सीजन सिलेंडर के 40 हजार और 50 लीटर सिलेंडर के मांग रहे थे 90 हजार रुपए
- अंबेडकरनगर इलाके का मामला

### एटीएस के हत्थे चढ़ा ठग



नॉर्थ जिले के एएटीएस स्टाफ ने सोशल मीडिया के जरिये लोगों के साथ मेडिकल उपकरणों की ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी का नाम अनुज कुमार आनंद (53) है। पुलिस की माने तो आरोपी के लाजपत नगर स्थित घर पर छापेमारी की गई, लेकिन वह बार-बार लोकेशन बदलने लगा। काफी तलाश के बाद पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पुलिस ने यहां भी नकली ग्राहक बनकर उसको को पकड़ा। दरअसल, बातचीत के दौरान आरोपी ने बैंक खाते में रुपये डालने के लिए कहा। पुलिस ने आरोपी के खाते की डिटेल निकलवाई और आरोपी का पता लगा लिया। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी ने करीब 200 लोगों से पिछले दिनों संपर्क किया। 26 और 27 अप्रैल को उसके खाते में तीन लाख से अधिक की रकम आई। पुलिस ने उसका मोबाइल, चेकबुक, पासपोर्ट, आधार व अन्य सामान बरामद कर लिया है।

### 150 इंजेक्शन व 60 सुइयों के साथ आरोपी पकड़ा



मंगोलपुरी थाना पुलिस ने आरोपी राकेश वर्मा (44) को 150 इंजेक्शन व 60 सुईयों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी मंगोलपुरी इलाके का रहने वाला है। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी पर पहले से तीन मामले दर्ज हैं। पूछताछ के दौरान आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह एक अनजान शख्स से गाजियाबाद से खरीदता था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

### द्वारका जिले की पुलिस ने एक महीने में 356 मोबाइल बरामद कर 52 केस सुलझाएं

**नई दिल्ली।** द्वारका जिले की पुलिस ने एक विशेष अभियान के तहत गत अप्रैल माह में चोरी व झपटे गए 356 मोबाइल फोन बरामद किए है। इस सिलसिले में मोबाइल चोरी के 52 मामले सुलझाने का दावा भी पुलिस ने किया है। एक नाबालिग समेत 24 आरोपियों को पकड़ा भी गया है। पुलिस के अनुसार हाल ही में मोबाइल झपटमारी और चोरी के मामलों में इजाफे को देखते हुए द्वारका जिले की साइबर सेल और लोकल पुलिस ने एक विशेष अभियान की शुरुआत की थी। अप्रैल माह में लांच किए गए इस अभियान में पुलिस में सबसे पहले उनकी एफआईआर कलेक्ट कि और फिर टेक्निकल व मैनुअल जांच के तहत साइबर सेल व लोकल पुलिस ने कई जगह छापेमारी की। 23 लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक नाबालिग पकड़ा गया है। साइबर सेल ने कुल 326 मोबाइल बरामद किए वहीं अन्य लोकल पुलिस स्थानों ने 30 मोबाइल फोन अप्रैल माह में बरामद किए हैं। इस प्रकार को 356 मोबाइल फोन पुलिस बरामद करने में सफल हो पाई। इसमें बात की जाए लोकल पुलिस की तो द्वारका नॉर्थ थाने की पुलिस ने चार फोन, द्वारका साउथ आठ, द्वारका सेक्टर 23 एक, उत्तम नगर पुलिस ने दो, नजफगढ़ पुलिस ने तीन, बिंदापुर ने छह, डाबरी ने पांच और एएटीएस ने एक फोन बरामद किया है।

## नजफगढ़ पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर लुटेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



द्वारका जिले की नजफगढ़ पुलिस में एक साथी लुटेरे को रंगे हाथों दबोचा है। इस बदमाश का नाम बुध बाजार निवासी 21 वर्षीय चंदन है। पुलिस के अनुसार 7 मई को नजफगढ़ थाने की पुलिस को लूटपाट की कॉल मिली थी। पुलिस साईं बाबा मंदिर रोशन गार्डन के सामने मेट्रो क्वार्टर्स के पास पहुंची जहां पर श्याम विहार निवासी मनोज कुमार ने पुलिस को बताया कि वह अपने घर जा रहा था। जैसे ही उसने मेट्रो क्वार्टर्स क्रॉस किए तीन लोगों ने उस पर हमला कर दिया। इसके बाद उससे लूटपाट की गई। इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति ने सौ नंबर पर कॉल कर इस वारदात की सूचना पुलिस को दी थी। पुलिस ने शिकायतकर्ता के बयान लेने के बाद तुरंत कार्रवाई कर एक बदमाश की पहचान कर उसे दबोच लिया। जबकि उस साथी फरार होने में कामयाब रहे। चंदन ने पूछताछ में बताया कि वह अपने साथी सूरज और धर्मेंद्र के साथ मिलकर लूटपाट करता है। पुलिस दोनों की तलाश कर रही है।

### युवक ने किशोरी से किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** वजीराबाद थाना इलाके में पड़ोसी युवक ने एक किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने मेडिकल जांच के बाद मामला दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। 14 वर्षीय पीड़िता वजीराबाद इलाके में सपरिवार रहती है। आरोपी उसके पड़ोस में रहता है। गत आठ मई को जब परिवार को पड़ोसी युवक की हरकतों के बारे में पता चला तो परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मेडिकल जांच के बाद मामला दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

**एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड**
CIN : L74210DL1987PLC029979
पंजी. कार्यालय : 1400, मोदी टावर 98, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019
Email : sbecsystems@rediffmail.com
Website : www.sbecsystems.com
Tel No.- 011-42504878/4842

**सूचना**

सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा अपेक्षाएं) नियमनों, 2015 के नियमन 47 के साथ पठित नियमन 29 के तहत एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अन्य बातों के अलावा 31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष हेतु कम्पनी के अंकेक्षित स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों पर विचार और अनुमोदन करने के लिये कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक सोमवार, 17 मई 2021 को आयोजित की जानी निर्धारित है।

इस सूचना में निहित जानकारी कम्पनी की वेबसाइट अर्थात (www.sbecsystems.com) और स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट अर्थात (www.bseindia.com) पर भी उपलब्ध है।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड
हस्ता/-
प्रियंका नेगी
कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 10.05.2021

## प्राइवेट पैथोलॉजी लैब में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



चार गाड़ियों ने पाया आग पर काबू

गर्मी में इजाफा होने के साथ दिल्ली-एनसीआर में आग की घटनाएं भी बढ़ गई हैं। ताजा मामला दक्षिण दिल्ली के ग्रेटर कैलाश इलाके का है जहां एक प्राइवेट पैथोलॉजी लैब में सोमवार सुबह अचानक आग लग गई। सूचना पर पहुंची दमकल की चार गाड़ियों ने घंटे भर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुलिस आग लगने के कारणों का पता लगाने की कोशिश में जुटी है। शुरुआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। इससे पहले पिछले सप्ताह मंगलवार रात करीब 11 बजे विकासपुरी इलाके में स्थित यूके नर्सिंग होम में आग चल गई थी। इसके बाद सूचना पर फायर टेंडर की कुल 8 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। इस दौरान अस्पताल में भर्ती मरीजों को दूसरी जगहों पर शिफ्ट किया गया था। यह राहत की बात है कि आग के इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई थी। वहीं, आग की सूचना से अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई थी। इस दौरान अस्पताल मैनेजमेंट ने आग की सूचना फायर डिपार्टमेंट को दी थी। दिल्ली के इस कोविड अस्पताल में कुल 26 मरीज भर्ती थे। इसमें से 17 मरीज कोविड के थे, जबकि बाकी मरीज दूसरी बीमारियों के चलते अस्पताल में भर्ती कराए गए थे।

### दिल्ली पुलिस के 19 इंस्पेक्टर-एसएचओ इधर से उधर

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के 19 इंस्पेक्टर का तबादला किया गया है। एसएचओ साउथ एवेन्यू सुहैब अहमद को एसएचओ आजादपुर मेट्रो स्टेशन भेजा गया। साउथ जिले से बनवारी लाल को एसएचओ साउथ एवेन्यू ट्रांसफर किया है। वहीं, एसएचओ शैलेंद्र तोमर को साउथ वेस्ट जिले का एसएचओ सफदरगंज भेजा गया है। इसके अलावा एटीओ ज्योति नगर, ललन केसरी को एसएचओ ज्योति नगर तैनात किया गया है। नॉर्थ जिले के राकेश यादव को एसएचओ एनआईए मेट्रो स्टेशन भेजा गया है। वहीं, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन सतीश कुमार को साउथ जिले के मालवीय नगर थाने का एसएचओ बनाया गया है। साउथ जिले के अजीत कुमार को एसएचओ नई दिल्ली रेलवे स्टेशन भेजा गया है। इसके अलावा शाहदरा जिले में तैनात इंस्पेक्टर गिरीश जैन को एसएचओ दयालपुर बनाया गया है। वहीं, नई दिल्ली जिले में तैनात एटीओ रजनीश कुमार को साउथ जिले के एसएचओ टिकरी भेजा गया है। साउथ जिले में तैनात एसएचओ मालवीय नगर युद्धबीर सिंह को सेंट्रल जिले में ट्रांसफर किया गया है। साउथ वेस्ट जिले के डीआईयू में तैनात गुरनाम सिंह को नॉर्थ जिले का एसएचओ बारा हिंदू राव बनाया गया है। नई दिल्ली जिले के मंदिर मार्ग थाना के एसएचओ राम निवास को आउटर नॉर्थ जिले के समयपुर बादली का एसएचओ बनाया गया है। वहीं, साउथ ईस्ट जिले के लाजपत नगर इलाके के इंस्पेक्टर सतविंदर सिंह को नई दिल्ली जिले के मंदिर मार्ग थाने में एसएचओ के पद पर भेजा गया है। नई दिल्ली जिले में कनॉट प्लेस इलाके के एटीओ शीशपाल को नॉर्थ जिले के सराय रोहिल्ला थाने का एसएचओ बनाया गया है। वहीं, नॉर्थ जिले के स्पेशल स्टाफ में तैनात सुनील कुमार शर्मा को ईस्ट जिले के गाजीपुर थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, ईस्ट जिले के एसएचओ गाजीपुर प्रेम सिंह को साउथ ईस्ट जिले के सनलाइट कॉलोनी का एसएचओ बनाया गया है। एसएचओ आजादपुर मेट्रो स्टेशन महेश नारायण को आउटर नॉर्थ जिले के नरेला का एसएचओ बनाया गया है। इसके अलावा आईजीआई एयरपोर्ट के इंस्पेक्टर प्रशांत यादव को शाहदरा जिले के मानसरोवर पार्क थाने का एसएचओ बनाया गया है। वहीं, शाहदरा जिले के मानसरोवर पार्क थाने में तैनात एसएचओ मंगेश त्यागी को क्राइम ब्रांच में भेजा गया है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा (धारा 82 सीआरपीसी देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तों (1) रिंकू, पुत्र श्री ईशम सिंह, निवासी झुग्गी नंबर बी–123, शाहबाद डेयरी, दिल्ली, (2) सुरेंदर, पुत्र श्री बिस्से, निवासी बी–3177, शाहबाद डेयरी, दिल्ली ने केस प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 196/19 धारा 307/34 भा.द.सं. व 27/54/59 हथियार अधिनियम के तहत थाना शाहबाद डेयरी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किए हैं (या संदेह है की उन्होंने किए हैं) और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त (1) रिंकू, (2) सुरेंदर मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त (1) रिंकू, (2) सुरेंदर फरार हो गए हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 196/19 धारा 307/34 भा.द.सं. व 27/54/59 हथियार अधिनियम के तहत थाना शाहबाद डेयरी, दिल्ली के उक्त अभियुक्तों (1) रिंकू, (2) सुरेंदर से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 05.07.21 को हाजिर हों।

आदेशानुसार
श्री वैभव मेहता
मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट–05
कमरा नं. 114, प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/1003/ON/21

## लूटा गया फोन, वारदात में इस्तेमाल बाइक व अन्य सामान बरामद

# नशे के लिए झपटमारी करने वाला बीटेक का छात्र अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली


जीटीबी एंक्लेव थाना पुलिस ने नशे की लत पूरी करने के लिए झपटमारी करने वाले बीटेक छात्र को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी का नाम निखिल कुमार वत्स (23) है। दरअसल, आरोपी ने एक महिला का पर्स झपट लिया था। पर्स में 10 हजार रुपये, अंगूठी और कानों की बालियों के अलावा अन्य सामान मौजूद था। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से वारदात में इस्तेमाल बाइक व झपटा बाकी सामान बरामद कर किया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

डीसीपी (शाहदरा) आर. साथियासुंदरम ने बताया कि गत आठ मई को जीटीबी एंक्लेव निवासी एक महिला ने थाने में पर्स झपटमारी की शिकायत दी थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तो पुलिस को आरोपी फुटेज में दिखाई दिया। उसके आधार पर पुलिस को बाइक का अधूरा नंबर मिला। पुलिस ने काफी पड़ताल के आधार पर बाइक की पहचान कर ली। बाइक मंडोली निवासी योगेश कुमार के नाम पर रजिस्टर्ड थी। पुलिस की टीम ने रविवार को मंडोली के घर पर छापा मारकर आरोपी निखिल कुमार वत्स को गिरफ्तार कर लिया। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी गाजियाबाद के कॉलेज से बीटेक थर्ड ईयर का छात्र है। शनिवार को वह अपनी मां को टीका लगवाने के लिए जीटीबी अस्पताल ले गया था। मां को अस्पताल छोड़ने के बाद वह बाइक लेकर बाहर निकला और झपटमारी कर ली।

**खास बात**
- सीसीटीवी कैमरे की मदद से पकड़ा गया आरोपी



**लापता लड़की की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह लड़की जिसका **नाम:** मिनाक्षी, **पुत्री:** श्री चन्द्र पाल, **पता:** 232, पताशे वाली गली, औचाँदी रोड, बवाना, दिल्ली, **उम्र:** 13 साल, **कद:** 4 फुट 8 इंच, **शरीर:** साधारण, **रंग:** गोरा, **चेहरा:** लम्बा, **पहनावा:** आसमानी नीले रंग का सूट–सलवार व सैंडल पहने हुए, दिनांक 11.04.2021, शाम 6:00 बजे से थाना क्षेत्र–बवाना, दिल्ली से लापता है।

इस संदर्भ में FIR No. 188/21, दिनांक 13.04.2021, U/s 363 IPC थाना–बवाना, दिल्ली में दर्ज है। पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अबतक इस लापता लड़की के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस लड़की के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

ईमेल : cic@cbi.gov.in
वेबसाइट : http://cbi.nic.in
फैक्स : 011-24368639
दूरभाष : 011-24368638, 24368641

थाना प्रभारी
थाना बवाना, दिल्ली
फोन: 011-27751949, 27756090
DP/997/ON/2021

